वर्ष - 01 | अंक - 247 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 03 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

आप सभी को रंगो एवं खुशियों के त्यौहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं

भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

# बिगोद के दो भाइयों ने रचा इतिहासः

## CA फाइनल में नमन-आयुष की सफलता, आयुष की देशभर में 45वीं रैंक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**कपिल श्याम विजय।**

आईसीएआई द्वारा जारी सीए फाइनल परीक्षा परिणामों में रविवार देर रात भीलवाड़ा जिले के बिगोद क्षेत्र के दो सगे भाइयों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) द्वारा जारी सूची में छोटे भाई आयुष पगारिया ने देशभर में 45वीं रैंक प्राप्त कर टॉप-50 में स्थान बनाया, जबकि बड़े भाई नमन पगारिया ने भी सीए फाइनल उत्तीर्ण कर परिवार और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।





आयुष पगारिया ने प्रथम प्रयास में ही सफलता हासिल की, वहीं नमन पगारिया ने दूसरे प्रयास में परीक्षा पास कर दृढ़ संकल्प और निरंतर मेहनत का परिचय दिया। दोनों भाइयों ने नियमित रूप से प्रतिदिन करीब छह घंटे अध्ययन कर अपनी तैयारी को अनुशासित रखा। आयुष ने अपनी आर्टिकलशिप BDO (इन्वेस्टमेंट बैंकिंग) तथा HKBS एंड एसोसिएट्स, भीलवाड़ा से की। वहीं नमन ने ग्रांट थॉर्नटन, ट्रांजैक्शन स्क्वायर और HKBS एंड एसोसिएट्स, भीलवाड़ा में आर्टिकलशिप के साथ स्पार्क कैपिटल में इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग प्राप्त की। दोनों की पेशेवर प्रशिक्षण यात्रा ने उन्हें परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मजबूत आधार दिया।

दोनों भाइयों के पिता प्रवीण पगारिया कस्बे में किराना व्यवसायी हैं, जबकि माता सीमा पगारिया गृहिणी हैं। साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने वाले इन दोनों भाइयों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के मार्गदर्शन, समर्थन और आशीर्वाद को दिया है। परिणाम घोषित होते ही बिगोद क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने घर पहुंचकर दोनों भाइयों को बधाई दी।

# एसबीआई बैंक से ग्राहक का नोटों से भरा थैला चोरी, 90 हजार रुपये लेकर अज्ञात फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**



**दिनेश पारीक ।** कस्बे के भीलवाड़ा रोड स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एसबीआई शाखा में सोमवार दोपहर चोरी की वारदात सामने आई। बैंक में राशि जमा कराने आए एक ग्राहक का नोटों से भरा थैला अज्ञात युवक उठाकर फरार हो गया। थैले में करीब 90 हजार रुपये नकद के साथ निजी दस्तावेजों की फोटोकॉपी भी रखी हुई थी।

पीड़ित मदनलाल गुर्जर पुत्र रामलाल गुर्जर निवासी जगपुरा ने घटना को लेकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया गया है वो दोपहर करीब 12:30 बजे एसबीआई शाखा में राशि जमा कराने पहुंचा था । जमा पर्ची भरते समय उसने अपना थैला पास में रखा था। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति मौका पाकर थैला उठाकर बैंक से बाहर निकल गया।

कुछ देर बाद थैला गायब मिलने पर पीड़ित ने तुरंत बैंक कर्मचारियों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को बुलाया गया। बैंक के सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध युवक थैला उठाते हुए दिखाई दे रहा है।

पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के अन्य कैमरों की रिकॉर्डिंग भी खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है , जल्द ही आरोपी हिरासत में होगा ।

# डेढ़ महीने बाद खुला सांवलिया धाम का खजानाः पहले ही दिन 10.65 करोड़ की गिनती, अब 5 मार्च को दूसरा दौर








**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़**

आस्था के प्रमुख केंद्र कृष्णधाम श्री सांवलिया जी मंदिर में करीब डेढ़ महीने बाद भंडार खोला गया तो श्रद्धा का आंकड़ा भी चौंकाने वाला निकला। राजभोग आरती के बाद विधिवत प्रक्रिया के साथ भंडार खोला गया और पहले ही दिन दानपात्रों से निकली नकद राशि की गिनती में 10 करोड़ 65 लाख रुपए सामने आए।

सुबह से ही मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मंदिर मंडल के पदाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में दानपात्रों से नोटों के बंडल निकाले गए। गिनती मशीनों और हाथों दोनों माध्यमों से शाम तक लगातार काउंटिंग चलती रही। कर्मचारियों की टीम ने पूरी प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ अंजाम दिया। मंदिर प्रशासन का कहना है कि हर चरण को नियमानुसार रिकॉर्ड किया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे परिसर में विशेष निगरानी रखी गई।

मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, जिससे भंडार में हर बार उल्लेखनीय राशि एकत्रित होती है। यही कारण है कि भंडार खुलने का दिन यहां विशेष महत्व रखता है।

### चंद्रग्रहण और फूलडोल के कारण टली गिनती

मंदिर प्रशासन के अनुसार काउंटिंग का दूसरा राउंड अब 5 मार्च को होगा।3 मार्च को चंद्रग्रहण और सूतक का प्रभाव रहेगा, इसलिए उस दिन कोई महत्वपूर्ण कार्य नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बुधवार को आयोजित होने वाले फूलडोल महोत्सव के चलते भी गिनती स्थगित रखी गई है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि धार्मिक परंपराओं का पालन सर्वोपरि है। ग्रहण और सूतक काल में मंदिर में किसी भी महत्वपूर्ण प्रक्रिया को नहीं किया जाता। फूलडोल महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक रहती है, इसलिए व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए काउंटिंग आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया।


### तय परंपरा के अनुसार खुलता है भंडार

मंदिर में भंडार खोलने की एक निश्चित परंपरा है। वर्ष में एक बार पूर्णिमा से पूर्व आने वाली चतुर्दशी को विशेष रूप से भंडार खोला जाता है। इसके अलावा हर महीने अमावस्या से पहले चतुर्दशी पर भी भंडार खोला जाता है।यह परंपरा लंबे समय से चली आ रही है और मंदिर मंडल उसी के अनुसार कार्य करता है।

मंदिर की सीईओ प्रभा गौतम ने बताया कि राजभोग आरती के बाद ही भंडार खोला गया। उन्होंने कहा कि काउंटिंग पूरी पारदर्शिता के साथ की जा रही है और मंदिर मंडल के पदाधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी पूरी प्रक्रिया के दौरान उपस्थित हैं।

# चोरों के आतंक से किसान परेशान, एक दर्जन से अधिक केबल व मोटर चोरी की घटनाएं





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**नरेश धाकड़** उपखंड क्षेत्र के लक्ष्मी निवास, जोलास, डोबिया और माजीसा का खेड़ा गांवों में इन दिनों चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बीते दिनों इन गांवों में करीब एक दर्जन से अधिक केबल और मोटर चोरी की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे किसानों में भय और आक्रोश का माहौल है।

पीड़ित किसान प्रकाश पुत्र जीतमल ने बताया कि वो सोमवार सुबह अपने खेत पर सिंचाई करने पहुंचा तो देखा कि कुएं के पास लगी केबल कटी हुई अवस्था में पड़ी थी और मोटर भी गायब थी। इसी प्रकार अन्य किसानों के खेतों से भी केबल काटकर चोरी कर ली गई।

चोरी की घटनाओं से प्रभावित किसानों में मोहन पुत्र जगन्नाथ, मोहन पुत्र मन्ना, ओमप्रकाश पुत्र प्रभु, खेमराज, शम्भू पुत्र जगन्नाथ, नरेंद्र पुत्र छित्तर, दिनेश पुत्र खाना और पन्नालाल सहित कई किसान शामिल हैं। लगातार हो रही चोरियों से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, साथ ही सिंचाई व्यवस्था भी बाधित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि रात के समय अज्ञात बदमाश खेतों में पहुंचकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। किसानों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने तथा जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# होली पर हाई अलर्टः राजस्थान में कड़ी सुरक्षा, जयपुर में बढ़ी निगरानी


**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

होली पर्व को लेकर खुफिया एजेंसियों से संभावित आतंकी गतिविधियों की आशंका संबंधी इनपुट मिलने के बाद देशभर में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। राजस्थान में भी एहतियातन विशेष सतर्कता बरती जा रही है, जबकि राजधानी जयपुर में पुलिस ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम लागू कर दिए हैं।

पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांति समितियों के साथ बैठकें कर सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और आदतन अपराधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। वरिष्ठ अधिकारी लगातार गश्त कर हालात की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

डीसीपी नॉर्थ करण शर्मा ने कहा है कि होली के दौरान शराब पीकर उत्पात मचाने, पर्यटकों से अभद्रता करने या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने आमजन को आगाह किया है कि होली के नाम पर आने वाले संदिग्ध कॉल, फर्जी लिंक या लुभावने ऑफर से सावधान रहें। व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचने



की चेतावनी दी गई है। साइबर सेल भी सोशल मीडिया गतिविधियों पर नजर रखे हुए है।

होली के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की सिफारिश करते हुए परिवहन विभाग को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत नजदीकी थाने या कंट्रोल रूम को दें। प्रशासन ने कहा है कि त्योहार सौहार्द और उल्लास का प्रतीक है, इसे शांति और भाईचारे के साथ मनाएं।

राजधानी सहित पूरे प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं, ताकि होली का पर्व सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

# अवैध बजरी परिवहन करते बिना नंबर का डम्पर जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

बजरी खनन एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक बिना नंबर का डम्पर जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी पुरणमल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की टीम द्वारा रात्रिकालीन गश्त के दौरान खजुरी क्षेत्र से एक बिना नंबर का डम्पर पकड़ा, जो अवैध बजरी परिवहन कर रहा था। कार्रवाई में वाहन को जब्त किया गया।



मौके से डम्पर चालक प्रकाश मीणा (30) पुत्र नन्दराम मीणा, निवासी झीकली जहाजपुर, तथा खलासी विशाल मीणा (22) पुत्र दुर्गालाल मीणा, निवासी शिवगढ़ जहाजपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया की मामले में अनुसंधान जारी है।

# बालाजी मंदिर में गूंजे फाग के रंग, महिला मंडलों ने मनाया उत्सव

**भीलवाड़ा फोकस @ यज्ञपुर**



**(गजानंद जोशी)।** पडेर क्षेत्र के बस स्टैंड स्थित बागर के बालाजी मंदिर परिसर में सोमवार को होली के पावन अवसर पर फाग महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। श्री बालाजी महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने भक्ति और रंगों के संगम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत लक्षकार ने बताया कि महिला मंडल द्वारा फाग महोत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने श्याम भजनों पर नाचते-झूमते हुए फागुन के गीत गाए और फूलों व गुलाल से होली खेलकर उत्सव का आनंद लिया।

भजन-कीर्तन से सजे इस आयोजन में श्री लक्ष्मी नाथ महिला मंडल, श्री कुंज बिहारी महिला मंडल तथा जवाहर नगर महिला मंडल की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। फागुन के पारंपरिक गीतों पर महिलाओं का सामूहिक नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। शाम करीब 4 बजे श्री बालाजी की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके बाद उपस्थित महिलाओं और श्रद्धालुओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए प्रसाद वितरण किया गया।

# पेंथर की आहट : कास्या गांव के खेतों में मादा पेंथर व शावकों का मूवमेंट, वन विभाग ने जारी किया अलर्ट

## कार्यकारिणी का हुआ विस्तार, 4 अप्रैल को पूर्व विधायक स्व. विवेक की प्रतिमा का अनावरण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

उपखण्ड क्षेत्र के कास्या गांव में खेतों के बीच मादा पेंथर एवं उसके शावकों की मौजूदगी की सूचना के बाद वन विभाग सतर्क हो गया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी, मांडलगढ़ ने ग्रामीणों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

वनपाल नाका तिलस्वा के अंतर्गत कास्या गांव के खेतों में पेंथर व उसके बच्चों के मूवमेंट की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर



पहुंची और मॉनिटरिंग व रेस्क्यू की तैयारियां शुरू कर दीं। विभाग द्वारा क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है।

वन विभाग ने कास्या एवं आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों को सलाह दी है कि वे अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें और खेतों में अकेले जाने से बचें। खेती कार्य के लिए समूह में जाएं तथा रात्रि के समय बाहर निकलने से परहेज करें।

विभाग ने यह भी कहा है कि यदि पेंथर या उसके शावक दिखाई दें तो उनसे सुरक्षित दूरी बनाए रखें। किसी प्रकार की छेड़छाड़, पत्थरबाजी या उकसाने वाली हरकत न करें, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। किसी भी आपात स्थिति में ग्रामीणों से स्थानीय प्रशासन, पुलिस या वन विभाग के स्टाफ से तुरंत संपर्क करने को कहा गया है।

सूचना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, हालांकि वन विभाग ने आश्वस्त किया है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# श्रद्धा के साथ हुआ होलिका दहन, युवाओं में दिखा खास उत्साह

**भीलवाड़ा फोकस @ यज्ञपुर**

**(गजानंद जोशी)।** अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और अहंकार पर आस्था की विजय का प्रतीक होलिका दहन पडेर क्षेत्र में पारंपरिक रीति-रिवाजों और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। पुराने गढ़ के पास ग्रामीणों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर होलिका प्रज्ज्वलित की और गांव की सुख-समृद्धि की कामना की।

होलिका दहन के दौरान ग्रामीणों ने नारियल, गुड़, चना सहित अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। अग्नि प्रज्ज्वलित होते ही वातावरण भक्ति और उल्लास से भर उठा। बच्चों और युवाओं में





विशेष उत्साह देखा गया, जो पूरे आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लेते नजर आए।


इस वर्ष फूलनगर स्थित शिव मंदिर परिसर में पहली बार युवाओं द्वारा होलिका दहन का आयोजन किया गया।

स्थानीय निवासी हंसराज माली ने बताया कि शिव मंदिर और मोरी वाले बाबा के स्थान पर युवाओं ने पारंपरिक तरीके से हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया। पहली बार हुए इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खास उत्साह रहा और बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

इसी क्रम में जवाहर नगर सहित क्षेत्र के अन्य स्थानों पर भी होलिका दहन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। हर जगह श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से पूजा कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया।

# नदी किनारे कुएं में मिला पैंथर का शव, 3-4 दिन पुराना होने की आशंका

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



जिले के डेलास गांव में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई जब नदी किनारे स्थित एक पुराने कुएं में पैंथर का शव दिखाई दिया। सुबह ग्रामीणों की नजर जैसे ही कुएं में तैरते शव पर पड़ी, पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पैंथर की मौत करीब तीन से चार दिन पहले होने की आशंका है।

ग्रामीणों ने बताया कि कुएं के पास से गुजरते समय उन्हें दुर्गंध महसूस हुई। पास जाकर देखने पर कुएं के पानी में पैंथर का शव तैरता नजर आया। सूचना मिलते ही डेलास, सबलपुरा और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। भीड़ बढ़ने पर स्थिति को संभालने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम और करेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षेत्र को घेराबंदी कर भीड़ को दूर किया, जबकि वन विभाग ने शव को कुएं से बाहर निकालने की तैयारी शुरू की। अधिकारियों के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद ही पैंथर की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

प्राथमिक तौर पर यह आशंका जताई जा रही है कि पैंथर पानी पीने या किसी शिकार का पीछा करते हुए असंतुलित होकर कुएं में गिर गया होगा। क्षेत्र में खुले कुओं की संख्या अधिक होने के कारण वन्यजीवों के लिए यह खतरा बना रहता है।

# भक्ति और उल्लास की ज्वाला: श्रद्धा से हुआ होलिका दहन, रंगोत्सव अब बुधवार को



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**रमेश गुर्जर।** कस्बे में सोमवार रात होलिका दहन का पर्व गहरी श्रद्धा, परंपरा और उत्साह के साथ मनाया गया। आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर विधि-विधान से होलिका दहन किया गया। रात्रि करीब 11 बजे रोडवेज बस स्टैंड, कोली मोहल्ला, नायकों का मोहल्ला, पथिक क्लब, इंदिरा कॉलोनी, चारण माता मंदिर के पास नीम हथाई, राजपूत मोहल्ला और केसरगंज सहित विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया।

**रोडवेज बस स्टैंड पर विशेष आयोजन, उमड़ा जनसैलाब**

रोडवेज बस स्टैंड पर कृष्णा स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। पूर्व डॉक्टर डी.एस. मेहर, भवानी शंकर शर्मा, विनोद गुरुजी, सुमित जोशी एवं शक्तिनारायण शर्मा की उपस्थिति में भक्त प्रह्लाद एवं होलिका की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने गोबर के बड़कुलिए अर्पित कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम स्थल पर आकर्षक रंग-बिरंगी रंगोलियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। विभिन्न स्थानों पर आयोजित आयोजनों में सैकड़ों महिला-पुरुषों ने भाग लिया।

**ग्रहण के चलते रंगोत्सव और फूलडोल अब बुधवार को**

पंडित शांतिलाल जोशी ने बताया कि इस वर्ष ग्रहण के कारण मंगलवार को रंगोत्सव नहीं खेला जाएगा। धार्मिक मर्यादाओं को ध्यान में रखते हुए रंगों का पर्व और फूलडोल महोत्सव बुधवार को मनाया जाएगा। बुधवार को श्री चारभुजा नाथ मंदिर से भगवान चारभुजा नाथ की भव्य शोभायात्रा निकलेगी। मंदिर में फूलों से होली खेली जाएगी तथा चारभुजा मंदिर से पंचायत चौक तक नगर भ्रमण होगा। भक्तजन फूलों की वर्षा के बीच भक्ति रस में सराबोर होकर शामिल होंगे।

साथ ही सोमवार को पथिक क्लब के समीप संगीतमय फूलडोल महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

# ज्वेलर की पत्नी ने फंदा लगाकर दी जान, पति का अहमदाबाद में चल रहा है इलाज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

ाहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक ज्वेलर की 50 वर्षीय पत्नी ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला लंबे समय से बीमार चल रही थी और पति की गंभीर बीमारी के कारण मानसिक तनाव में भी थी।घटना सोमवार सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, महिला अपने घर की पहली मंजिल पर बने कमरे में गई हुई थी। जब काफी देर तक वह नीचे नहीं आई तो उनका बेटा उन्हें बुलाने ऊपर पहुंचा। कमरे का दृश्य देखकर उसके होश उड़ गए महिला पंखे से साड़ी के फंदे पर लटकी हुई मिलीं।

बेटे ने तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचना दी । सूचना मिलते ही प्रताप नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया की घटनास्थल की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी करवाई गई। इसके बाद शव को नीचे उतारकर जिला अस्पताल की मोर्च्युरी में रखवाया गया।

परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद शव सौंप दिया गया। पुलिस ने मृग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि महिला लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं। वहीं उसके पति, जो शहर में ज्वेलरी शोरूम संचालित करते हैं, पैरालिसिस के इलाज के लिए अहमदाबाद के एक अस्पताल में भर्ती हैं। बताया जा रहा है कि पति की गंभीर स्थिति और स्वयं की बीमारी के चलते महिला मानसिक रूप से तनाव में थीं। हालांकि पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

# सवाईपुर क्षेत्र में धूमधाम से मनाई होली, शुभ मुहूर्त में किया होलिका दहन



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** कस्बे सहित सोपुरा जाटों का, सालरिया, ढ़ेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, ककरोलिया माफी, लसाडिया, रेड़वास, गुवारड़ी, कुड़ी बोरखेड़ा, बोर्डियास, खजीना, कांदा, पीथास, सोलंकिया का खेड़ा आदि कई गांवों में सोमवार को होली का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जहां घरों में लापसी व चावल बनाकर देवी-देवताओं को भोग लगाया गया, वहीं रात्रि को होलिका दहन किया गया, होलिका दहन से पहले ग्रामीण चारभुजा नाथ मंदिर पर एकत्रित होकर ढोल बजाते हुए, होलिका दहन के स्थान पर पहुंचे, जहां पंडित के मंत्रोच्चार के साथ होलिका की पूजा अर्चना की गई, इसके बाद होलिका के अग्नि जलाई गई । होलिका दहन के दौरान युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की । वही बड़े बुजुर्ग लोगों ने होली की आग की लपटों से आगामी वर्ष के बारे में अनुमान लगाया की अगला साल कैसा होगा । होलिका दहन से पूर्व बालिकाओं ने गोबर से बनी बड़बुलिया की माला, चांद, सुरज, नारियल अर्पित किए, ग्रामीणों ने भी होलिका दहन के दौरान धान की बालिया को सेका और नारियल अर्पित किए । छोटे बच्चों ने भी पटाखे, फूलचडी, चकरी, अनार चलाये । इस दौरान सवाईपुर पुलिस चौकी एएसआई प्यार चंद खटीक मय जाब्ता मौके पर मौजूद रहा ।

# एमपी पुलिस की कस्टडी से फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

मध्यप्रदेश पुलिस की हिरासत से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में वांछित था और लंबे समय से फरार चल रहा था।

एएसआई नरेश सुखवाल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सलावटिया क्षेत्र में एक संदिग्ध युवक छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर नाकाबंदी की गई।

नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसकी पहचान सुनील (19) पुत्र विजय सिंह बंजारा, निवासी नयानगर मागू ,बिजौलिया के रूप में हुई। सुनील मध्यप्रदेश में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में वांछित था और एमपी पुलिस की कस्टडी से फरार हो गया था। जिस पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।



QUICK BITES

## बालाजी मंदिर में फागुन उत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।



होली के पावन पर्व के अवसर पर बरूदनी के गाडरी मोहल्ले स्थित बालाजी मंदिर में फागुन उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान बालाजी को गुलाल अर्पित कर फूलों की होली खेली, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रकाश ओझा द्वारा गणेश वंदना से की गई। इसके पश्चात महिला मंडल की सदस्याओं ने फागुन और होली के भक्ति-रस से ओतप्रोत भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

महिला मंडल की बबली भट्ट, सुशीला भट्ट सहित अन्य सदस्याओं की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। उपस्थित भक्तों ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर भेरूलाल गट्टाणी, भूपेन्द्र गट्टाणी, किशन लक्षकार, मोहित वैष्णव, पुष्पा गट्टाणी, अनिता गट्टाणी, शारदा लढ़ा, सरोज किरण भट्ट, गायत्री पंचोली सहित गांव के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम के समापन पर भगवान बालाजी को छप्पन भोग अर्पित कर महाप्रसादी का वितरण किया गया।

## आसींद में होली-रमजान को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च, शांति और सौहार्द का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।



आगामी त्योहार होली और रमजान को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी क्रम में नगर के प्रमुख मार्गों पर पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया, ताकि आमजन में सुरक्षा का भाव मजबूत हो सके और कानून व्यवस्था को लेकर विश्वास कायम रहे।

फ्लैग मार्च का नेतृत्व श्रद्धा पचौरी ने किया। उनके साथ पुलिस बल ने नगर के मुख्य बाजार, संवेदनशील क्षेत्रों और प्रमुख चौराहों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय व्यापारियों, आम नागरिकों एवं यात्रियों से सीधा संवाद स्थापित किया। सीआई पचौरी ने सभी से त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने की अपील की।

पुलिस प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नगरवासी निर्भय होकर अपने-अपने त्योहारों का आनंद ले सकें और आसींद में शांति, सद्भाव एवं कानून व्यवस्था बनी रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# भीलवाड़ा में 'माहेश्वरी शिरोमणि सम्मान समारोह' का हुआ आयोजन

## उद्योग राज्यमंत्री के.के. विश्नोई मुख्य अतिथि, समाज रत्न व समाज गौरव सम्मान प्रदान





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के के विश्नोई रविवार को एकदिवसीय दौरे पर भीलवाड़ा पहुंचे। हरणी महादेव रोड स्थित रामेश्वरम में दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा, भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा एवं श्रीनगर माहेश्वरी सभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'माहेश्वरी शिरोमणि सम्मान समारोह' में उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महेश के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंगलाचरण और स्वागत गीत के पश्चात अतिथियों का पारंपरिक साफा एवं दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। समारोह की अध्यक्षता महासभा के सभापति संदीप काबरा ने की।

कार्यक्रम में उद्योग जगत में विशिष्ट पहचान रखने वाले एवं भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से सम्मानित उद्योगपति सत्यनारायण नुवाल को अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा द्वारा 'समाज रत्न' से अलंकृत किए जाने पर समाज की ओर से विशेष अभिनंदन किया गया। वक्ताओं ने उनके नवाचार, सामाजिक सरोकारों और राष्ट्र निर्माण में योगदान को प्रेरणास्रोत बताया।

इसी प्रकार राष्ट्रीय स्तर पर अटल अवार्ड से सम्मानित उद्योगपति एवं पूर्व सभापति रामपाल सोनी को भी 'समाज रत्न' सम्मान प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया। उनके नेतृत्व एवं संगठन क्षमता की सराहना करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन युवाओं के लिए आदर्श है। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू को 'समाज गौरव' सम्मान से नवाजा गया। अपने संबोधन में उन्होंने वृक्षारोपण, जल संरक्षण और प्रकृति रक्षा का संदेश देते हुए कहा कि समाज की प्रगति प्रकृति के संरक्षण से ही संभव है। मुख्य अतिथि विश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि माहेश्वरी समाज शिक्षा, उद्योग, सेवा और संस्कार के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहा है। ऐसे सम्मान समारोह समाज को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

कार्यक्रम का संचालन जगदीश कोगटा ने किया। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद दामोदर अग्रवाल, भीलवाड़ा शहर विधायक अशोक कोठारी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, पूर्व मंत्री रामलाल जाट, पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, राजकुमार कालिया, ममता मोदानी एवं श्री कांत बाल्दी उपस्थित रहे।

# भक्ति की धारा में डूबा रामनिवास धाम, अखंड वाणी पाठ ने रचा आस्था का इतिहास

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

मूलचन्द पेसवानी



शाहपुरा की पावन धरती इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और साधना की सुगंध से महक उठी है। अंतरराष्ट्रीय श्री रामस्नेही संप्रदाय के वार्षिकोत्सव फूलडोल महोत्सव के दौरान श्री रामनिवास धाम में आयोजित अखंड वाणी पाठ ने श्रद्धालुओं के हृदय को रामनाम के रस में सराबोर कर दिया। जैसे ही धाम परिसर में वाणी की मधुर गूंज उठी, वातावरण तपस्या और तन्मयता से जगमगा उठा।

रामस्नेही सेवा समिति जिला टोंक के तत्वावधान में संपन्न इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। समिति के अध्यक्ष रामनारायण विजयवर्गीय मालपुरा ने बताया कि संप्रदाय के वर्तमान पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामदयाल जी महाराज के पावन आशीर्वाद से अणभैवाणी जी का अखंड पाठ अप्रैल 2017 से निरंतर चला आ रहा है। यह साधना परंपरा अब श्रद्धा की ऐसी मशाल बन चुकी है, जो हर वर्ष आस्था की लौ को और तेज कर देती है।

इस वर्ष 111वां अखंड वाणी पाठ 27 फरवरी को शुभारंभ हुआ और सोमवार 2 मार्च को श्री रामनिवास धाम में आचार्यश्री के सानिध्य में इसकी पूर्णाहुति हुई। तीन दिनों तक निरंतर गूंजती वाणी ने ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु समय का भान भूलकर भक्ति रस में डूबे नजर आए। धाम परिसर में 'राम सनेही' भाव की ऐसी बयार चली कि हर श्रोता का मन झूम उठा। फूलडोल महोत्सव के इस पावन अवसर पर अखंड वाणी पाठ का आयोजन संप्रदाय की जीवंत परंपरा और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक बनकर उभरा। साधना, सेवा और समर्पण का यह संगम न केवल श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति दे गया, बल्कि शाहपुरा को भक्ति की राजधानी बना गया।

# मांडलगढ़ में रेगर समाज का जन-जागृति सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

## शिक्षा, संगठन और सामाजिक सुधार पर जोर, 115 प्रतिभाएं सम्मानित





भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद ।

अखिल भारतीय रेगर महासभा मांडलगढ़ के तत्वावधान में 1 त्रिवेणी संगम तीर्थ स्थल पर समाज का जन-जागृति सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, सामाजिक एकता और कुरीतियों के त्याग का संदेश दिया गया।

समारोह का शुभारंभ अध्यक्ष शंकर लाल बांगरोलिया एवं मुख्य अतिथियों द्वारा समाज के आराध्य बाबा रामदेव, संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर, संत आत्माराम लक्ष्य, ज्योतिराव फुले एवं सावित्रीबाई फुले के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल ने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने और छात्रावास निर्माण हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रदेश प्रवक्ता स्टेफी चौहान ने समाज को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए आपसी मतभेद छोड़ एकजुट होने का आह्वान किया।





विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रेगर ने युवाओं से लक्ष्य निर्धारित कर संविधान के अध्ययन और अधिकारों की जानकारी लेने की अपील की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लीलावती वर्मा एवं राष्ट्रीय महासचिव बद्रीनारायण झिंगोनिया ने शिक्षा विस्तार और छात्रावास निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया।

मोतीलाल सिंघानिया ने बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया, वहीं जिला अध्यक्ष कैलाश देवतवाल ने मृत्यु भोज व फिजूलखर्ची जैसी कुरीतियों को त्यागने का आग्रह किया।

समारोह में कक्षा 10वीं व 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, नवनियुक्त कर्मचारियों, खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों सहित कुल 115 प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं रामप्रसाद निंदरिया (सॉफ्टवेयर इंजीनियर, पिपलाज/अमेरिका) की ओर से नकद सहयोग देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कैलाश देवतवाल (जिला अध्यक्ष भीलवाड़ा), लीलावती वर्मा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), बद्रीनारायण झिंगोनिया (राष्ट्रीय महासचिव), भानुप्रकाश खोरवाल (युवा प्रदेश अध्यक्ष), शंकरलाल हाथीवाल (टोंक जिला अध्यक्ष), मांगीलाल जैलिया (राजसमंद जिला अध्यक्ष), रतनलाल मुंडेतिया (अध्यक्ष शाहपुरा शाखा), देवीलाल निंदरिया (छात्रावास अध्यक्ष शाहपुरा), कैलाश इंदौरिया (सरपंच तिलस्वां), कन्हैयालाल चंदोलिया (पूर्व सरपंच), सोहनलाल भोजपुरिया (उपाध्यक्ष भीलवाड़ा), भंवरलाल गुसाईवाल, सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन राजमल झाड़ोटिया एवं शंभूलाल रेगर ने किया।

# घर में घुसकर बच्चे को उठाने की कोशिश, मां के पहुंचते ही आरोपी फरार





**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** शहर के केशवपुरा सेक्टर-7 इलाके में एक अज्ञात व्यक्ति घर में घुसकर छोटे बच्चे को पकड़कर ले जाने की कोशिश करता नजर आया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और अभिभावकों में भारी चिंता व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार, केशवपुरा सेक्टर-7 स्थित एक मकान में किरायेदार के घर में देर रात पीछे की ओर से एक अज्ञात व्यक्ति घुस आया। आरोप है कि उस समय घर में छोटे बच्चे मौजूद थे और पुरुष सदस्य बाहर गए हुए थे।

बताया जा रहा है कि संदिग्ध ने घर में मौजूद एक बच्चे का हाथ पकड़कर उसे बाहर ले जाने का प्रयास किया। अचानक बच्चे के रोने-चिल्लाने की आवाज सुनकर घर में मौजूद मां तुरंत मौके पर पहुंची। मां को सामने देख आरोपी घबरा गया और मौके से भाग निकला।

घबराई मां ने तुरंत दरवाजा बंद कर शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास के लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए और देखते ही देखते मोहल्ले में भीड़ जमा हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही महावीर नगर थाना पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर घटनास्थल का जायजा लिया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि संदिग्ध की पहचान के लिए तकनीकी साक्ष्यों का सहारा लिया जा रहा है और जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

बच्चों के ताऊ राहुल साहू ने बताया कि घटना के समय वह बाहर गए हुए थे और घर पर कोई पुरुष सदस्य मौजूद नहीं था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति घर में घुस आया और बच्चे को उठाकर ले जाने की कोशिश की। मोहल्ले के लोगों के जाग जाने और शोर मचाने पर आरोपी भाग निकला।

फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज और संदिग्ध की गतिविधियों के आधार पर उसकी पहचान करने का प्रयास जारी है। पुलिस ने नागरिकों से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# भीलवाड़ा में आस्था की अग्निः 125 से अधिक स्थानों पर जली होलिका, परंपराओं ने रचा अनोखा रंग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

रंगों के महापर्व होली की पूर्व संध्या पर जिलेभर में आस्था, परंपरा और उत्साह की अनूठी छटा देखने को मिली। शहर सहित ग्रामीण अंचलों में करीब 125 से अधिक स्थानों पर विधि-विधान के साथ होलिका दहन किया गया। मोहल्लों और प्रमुख चौराहों पर सजी-धजी होलिकाओं के चारों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और शुभ मुहूर्त में मंत्रोच्चार के बीच अग्नि प्रज्वलित की गई।

## हरनी महादेव में निकली चांदी की होलिका, सोने के प्रहलाद की सवारी

शहर के प्रसिद्ध हरनी महादेव मंदिर क्षेत्र में इस बार परंपरा कुछ अलग अंदाज में निभाई गई। यहां होलिका दहन नहीं किया गया, बल्कि चांदी की होलिका और सोने के प्रहलाद की आकर्षक सवारी बैंड-बाजों के साथ निकाली गई। श्रद्धालुओं ने गांव के चौराहे पर विधिवत पूजा-अर्चना कर समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सजी हुई झांकियों और धार्मिक नारों के बीच पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया।



शहर के अग्रवाल उत्सव भवन में इस बार विशेष आयोजन किया गया। यहां 11 हजार गाय के गोबर से बने कंडों और कपूर के साथ वैदिक रीति से होलिका दहन संपन्न हुआ। आचार्यों के मंत्रोच्चार और हवन सामग्री की सुगंध से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा।

कई स्थानों पर केवल परंपरागत होलिका दहन ही नहीं, बल्कि नशा, भ्रष्टाचार और सामाजिक कुरीतियों के प्रतीकात्मक पुतलों का दहन भी किया गया।ल।

शहर के पंचमुखी मोक्षधाम में अनोखी परंपरा के तहत शमशान होली खेली गई । यहां चिता की राख से भक्तों होली खेली और भेरुजी की सवारी निकाली द्य। भक्ति गीतों और ढोल की थाप के बीच श्रद्धालु जीवन और मृत्यु के सत्य का स्मरण करते हुए इस अनूठी होली में शामिल हुए। यह परंपरा आस्था के साथ-साथ जीवन के दर्शन को भी दर्शाती है।

## महुआ में श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ होलिका दहन

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।**



कस्बे सहित क्षेत्र में होली का पर्व के उपलक्ष्य में होलिका दहन का आयोजन श्रद्धा पूर्वक,पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ किया गया। ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर शुभ मुहूर्त होलिका में अग्नि प्रज्वलित की गई।इस मौके पर महिलाएं और पुरुषों ने होलिका की परिक्रमा कर कस्बे सहित क्षेत्र में सुख समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की ।होलिका दहन पर कस्बे में भक्ती भाव और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ बूंदी।**

जिले के डाबी थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान मोहनलाल पुत्र बाबूलाल निवासी गांव मोतीपुरा, बूंदी सदर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह अपनी पत्नी को जलोही स्थित उसके पीहर छोड़कर वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान डाबी थाना क्षेत्र में रास्ते में किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि मोहनलाल उछलकर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायल युवक को पहले स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए कोटा रेफर कर दिया गया। परिजन उसे तत्काल एमबीएस हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया है । फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।

# श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ होलिका दहन


**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**

बरूदनी क्षेत्र में होली पर्व के उपलक्ष्य में होलिका दहन का आयोजन श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। गांव के पंच-पटेलों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

विधि-विधान से पंडित पंडित सतीश पंचोली ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करवाई। इसके बाद शुभ मुहूर्त में होलिका में अग्नि प्रज्वलित की गई।

इस अवसर पर मोडूराम अहीर, शैतान सिंह शक्तावत , शिव प्रकाश भट्ट, गोपाल गट्टाणी, घनश्याम लढा गजेंद्र साहू, शिव खटिक, गोपाल सिंधी, शिव राज सिंह , शैतान मीणा, धन्ना मीणा सहित गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने होलिका की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। पूरे क्षेत्र में भक्ति भाव और उल्लास का वातावरण रहा।



# राजनीतिक पहचान बढ़ाने के लिए सामाजिक एकता जरूरी - झींगा



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राजस्थान प्रदेश मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज संस्था के प्रदेश महामंत्री बजरंग लाल झींगा ने कहा कि समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए ठोस और दीर्घकालिक योजनाएं बनानी होंगी। शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे सामाजिक और राजनीतिक पहचान सशक्त होती है। उन्होंने सामाजिक एकता को राजनीतिक प्रभाव बढ़ाने की आधारशिला बताते हुए सभी वर्गों से संगठित रहने का आह्वान किया।

प्रदेश महामंत्री झींगा के भीलवाड़ा आगमन पर जिला स्वर्णकार समाज द्वारा अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। वे उदयपुर संभाग के सामाजिक दौरे पर जाते समय होटल ग्रैंड वसंते के पास ग्रीनपार्क कॉलोनी स्थित जिला कोषाध्यक्ष शंभूदयाल कड़ेल एवं प्रहलाद कड़ेल के आवास पहुंचे, जहां समाजजनों ने आत्मीय स्वागत किया।

समारोह में प्रदेश मंत्री अनिल डसाणिया, प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ सदस्य दिलीप सोनी, जिला प्रभारी कृष्णकांत मलेंडिया, जिलाध्यक्ष उच्छब लाल बिच्छी, महामंत्री सी.पी. सोनी, नगर उपाध्यक्ष प्रभुलाल सोलीवाल सहित पूर्व पदाधिकारी सत्य नारायण डसाणिया, कैलाश बैनाथिया, विष्णु बैनाथिया , अरुण डसाणिया, कैलाश चंद्र डसाणिया (डीआईसी), अनिल सिकड़ ,सत्य नारायण जंगवाल ,कन्हैया लाल जगवाल, अजय सोनी आदि समाजजनों ने झींगा को उपरना व मेवाड़ी साफा पहनाकर उनका आत्मीय अभिनंदन किया।बैठक में संगठनात्मक चुनावों पर विस्तृत चर्चा हुई। तहसील, नगर और जिला स्तर पर चरणबद्ध व लोकतांत्रिक पद्धति से चुनाव कराने पर सहमति बनी। प्रदेश महामंत्री ने आश्वस्त किया कि जिला स्तरीय चुनावों के लिए शीघ्र प्रभारी, पर्यवेक्षक व निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके।

अंत में कड़ेल परिवार की ओर से शंभूदयाल, प्रहलाद एवं श्यामसुंदर ने सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए सामाजिक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

## QUICK BITES

# श्री सुपार्श्वनाथ जैन मंदिर के चुनाव सम्पन्न, प्रकाश गंगवाल 76 मतों से अध्यक्ष निर्वाचित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**





हाउसिंग बोर्ड स्थित श्री सुपार्श्वनाथ जैन मंदिर के चुनाव निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट राजकुमार पाटनी, कोशल जैन, विपुल सेठिया एवं सुनीता जैन के नेतृत्व में शांतिपूर्ण, गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए। कुल 215 मतों में से 198 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे चुनाव को लेकर समाज में खासा उत्साह देखने को मिला।

अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में श्री प्रकाश गंगवाल को 137 मत तथा भागचंद पाटनी को 61 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार 76 मतों के उल्लेखनीय अंतर से प्रकाश गंगवाल अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किए गए। परिणाम घोषित होते ही समाजजनों में हर्ष का वातावरण छा गया।

निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उनकी टीम को सम्मानित कर विधिवत कार्यभार ग्रहण करवाया गया। नवगठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के रूप में नवीन काला एवं सुरेंद्र जैन तायल, कोषाध्यक्ष कैलाश शाह, सचिव पारस झांझरी, सह-कोषाध्यक्ष राजेश बगेरवाल, संगठन मंत्री पारस शाह, जनसंपर्क मंत्री संजय छाबड़ा एवं मुकेश गदिया तथा सदस्य के रूप में नवीन काला (महुवा), मानकचंद बाकलीवाल, नेमिचंद गोधा और सुनील जैन निर्वाचित हुए।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल ने समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत पूरे समाज की एकता और विश्वास की जीत है। उन्होंने मंदिर के समग्र विकास, धार्मिक गतिविधियों के विस्तार तथा समाज में एकता और सौहार्द को और अधिक मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया। चुनाव परिणाम के बाद भगवान सुपार्श्वनाथ को श्रीफल अर्पित कर विजय जुलूस निकाला गया।

# सिंगोली चारभुजा में तीन दिवसीय फूलडोल महोत्सव 18 मार्च से, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा मुख्य आकर्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**



प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थल सिंगोली चारभुजा मंदिर में तीन दिवसीय फूलडोल महोत्सव का आयोजन 18 मार्च से किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियां देवस्थान विभाग अजमेर के सहायक आयुक्त गिरीश बच्चानी के निर्देशन में जोर-शोर से चल रही हैं।

मंदिर प्रबंधक अर्जुन सिंह सोलंकी ने बताया कि इस तीन दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत 18 मार्च को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगा।

कवि सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि मुन्ना बैटरी (मध्य प्रदेश), हास्य कवि दीपक पारीक (भीलवाड़ा), राजस्थानी गीतकार बाबू बंजारा (बांरा), अंतरराष्ट्रीय कवयित्री सपना सोनी (श्रृंगार रस, आगरा), सिद्धार्थ देवल (वीर रस, उदयपुर), अजय हिंदुस्तानी (वीर रस, मध्य प्रदेश), कानू पंडित (हास्य कवि, नाथद्वारा), ओजस्वी कवि अंशुमन आजाद (निंबाहेड़ा), पैरोडीकार संजीव सजल (भीलवाड़ा) तथा प्रसिद्ध हास्य कवि प्रभु प्रभाकर सहित अनेक ख्यातिप्राप्त कविगणों को आमंत्रित किया गया है।

कार्यक्रम संयोजक के रूप में हास्य कवि मनीष सुखवाल (मांडलगढ़) जिम्मेदारी संभालेंगे। महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट से सजाया जाएगा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

# एनएसयूआई की नई महाविद्यालय इकाई गठित , विशाल बने अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया। ।**



**मानव तिवारी ।** नगर स्थित देव डूंगरी पर एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष रितुराज मीणा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान एनएसयूआई की श्री विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय बिजौलिया इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर विशाल मीणा, उपाध्यक्ष पद पर देवेंद्र बलाई, निखिल धाकर, सोनू गुर्जर, दुर्गाशंकर एवं निखिल मीणा को नियुक्त किया गया। महासचिव पद पर अनिल गुर्जर, रतन रैगर, सत्यनारायण गुर्जर एवं गौरव जाटव तथा सचिव पद पर नीरज राठौड़, नरेश बलाई एवं राजेंद्र भील को जिम्मेदारी सौंपी गई।

ब्लॉक अध्यक्ष रितुराज मीना ने सभी नवगठित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा छात्रहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छात्र समस्याओं के समाधान के लिए एनएसयूआई सदैव सक्रिय भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मनोज सिंह, उपाध्यक्ष विष्णु धाकर, महासचिव प्रिंस मालवीय, अक्षित धाकर एवं देवकीनंदन धाकर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।